# मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा की


## मुख्य नमाज शहर के सांगानेरी गेट ईदगाह पर हुई

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा में ईद-उल-फ़ितर का त्योहार बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज़ अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। शहर सहित जिले भर में मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा की।

मुख्य नमाज शहर के सांगानेरी गेट ईदगाह पर हुई, जहां ईद उल फितर पर

**■ खुदा की बारगाह में लाखों सिर झुके और ऊपरवाले से अमन-चैन की दुआ मांगी**

खुदा की बारगाह में लाखों सिर झुके और ऊपरवाले से अमन-चैन की दुआ मांगी। ईद के मौके पर बाज़ारों में रौनक रही, और बच्चों ने नए कपड़े पहनकर त्योहार का आनंद लिया। इस अवसर पर गरीबों में दान और ज़कात बाँटने की भी परंपरा निभाई गई। प्रेम और हर्षोल्लास से ईद मनाई जा रही है।



सुभाष नगर उस्मानिया मस्जिद में नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

सांगानेरी गेट ईदगाह पर अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक पारस जैन, ,सीओ सिटी मनीष बड़गुर्जर,कांग्रेस जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी, पूर्व सभापति ओम नरानीवाल सहित जनप्रतिनिधियों ने ईद की बधाइयां दी। इसके साथ ही शहर सहित जिले भर की मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर देश में खुशहाली और अमन चैन की दुआ मांगी गई।

## उत्साहपूर्वक मनाया महिलाओं ने गणगौर पर्व

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। सोमवार को समूचे क्षेत्र में सुहाग का पर्व गणगौर सुहागिनो ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। नए परिधानो में सज धज कर महिलाओ ने ईसर गणगौर की पूजा की। भगवान शिव व माता पार्वती को ही ईसर गणगौर के रूप में पूजा जाता है। वहीं नवविवाहिताओ ने सोलह दिन तक ईसर गणगौर की पूजा की। इस दौरान नव विवाहितओ के ससुराल से सिजारा भेजा गया और सिजारे में महिलाओ ने बन ठन कर गणगौर की पूजा कर मैदा से बने गुणा सहित अन्य पकवानो का भोग लगाया। इस मौके पर महिलाओं और कुंवारी युवतियों द्वारा सज-संवरकर सामूहिक रूप से ईसर-गणगौर का पूजन किया गया। कुंवारी युवतियों ने अच्छे वर की और महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु की कामना की। इसदिन महिलाऐ व्रत रख कर अपने की दीर्घायु व परिवार की सुख सम्पति की कामना करती है। जगह जगह गणगौर के गीतो की गुंज सुनाई दे रही थी। वहीं दूसरी ओर नगर परिषद ने भी गाजे बाजे के साथ ब्रदीनाथ मंदिर से शहर मुख्य मुख्य रास्तो से होते हुए गणगौर की सवारी निकाली। सवारी ब्रदीनाथ मंदिर से प्रारम्भ हो कर बैंक ऑफ बडौदा, चौपड बाजार, पंसारी गली, घास मण्डी, चूली गेट पहुंची जहां पर सभापति शिवरतन अग्रवाल, आयुक्त बृजेन्द्र मीना व पार्षदो ने गणगौर देवी को भोग लगाकर व पूजन किया।

# केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने अफीम खरीद सेन्टर बनाए

**कोटा,** (निसं)। अफीम काश्तकारों के लिए राहत भरी खबर है, 1 अप्रेल से केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा जिला अफीम अधिकारी कार्यालयों के अन्तर्गत स्थापित 8 अफीम कृषि प्रभागों में काश्तकार अपनी उपज बेच सकेंगे।

राजस्थान के अफीम काश्तकारों द्वारा फसल वर्ष 2024- 25 के दौरान उगाई गई अफीम उपज, जिसमें अफीम गोंद तथा बिना चीरा लगा अफीम डोडा अर्थात सीपीएस दोनों शामिल है, के खरीद का काम 1 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा (राजस्थान) नरेश बंडल ने बताया कि आजादी के बाद से राजस्थान में अफीम की खेती के नियन्त्रण तथा अफीम फसल खरीद का काम भारत सरकार द्वारा स्थापित नोडल एजेन्सी केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरों द्वारा किया जाता रहा है। यह काम केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरों द्वारा जिला अफीम अधिकारी कार्यालयों के अन्तर्गत स्थापित 8 अफीम कृषि प्रभागों भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ प्रथम, द्वितीय, तृतीय, झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़ प्रथम एवं द्वितीय के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस साल अफीम फसल खरीद के लिए जिला-बारां, भीलवाड़ा, झालावाड़, कोटा में एक-एक, जिला-प्रतापगढ़ में दो तथा जिला-चित्तौडगढ़ में तीन अफीम तौल तथा खरीद सेन्टर बनाए गए है जिसमें लगभग 28 हजार पॉच सौ काश्तकारों से अफीम गोंद उपज तथा लगभग 13 हजार छह सौ काश्तकारों से बिना चीरा लगा अफीम डोडा अर्थात सीपीएस उपज की खरीद की जाएगी।

अफीम गोंद खरीद का काम, चित्तौडगढ़ प्रथम, द्वितीय, तृतीय खण्ड के काश्तकारों से 1 अप्रेल से, प्रतापगढ़ द्वितीय खण्ड, भीलवाड़ा के काश्तकारों से 2 अप्रैल से, प्रतापगढ़ प्रथम तथा झालावाड़ के काश्तकारों से 3 अप्रैल से शुरू होगा । कोटा प्रभाग के अन्तर्गत, रामगंजमण्डी तहसील के काश्तकारों से अफीम गोंद खरीद का काम 5 अप्रैल से, रामगंजमण्डी केन्द्र पर तथा अन्य सभी काश्तकारों से 12 अप्रैल से छीपाबड़ौद केन्द्र पर शुरू किया जाएगा। काश्तकारों से बिना चीरा लगा अफीम डोडा अर्थात सीपीएस उपज की खरीद का काम, झालावाड़ में 8 अप्रैल चित्तौडगढ़ द्वितीय खण्ड में 11 अप्रैल से, प्रतापगढ़ प्रथम खण्ड में 12 अप्रैल से, प्रतापगढ़ द्वितीय खण्ड में 13 अप्रैल से, चित्तौड़गढ़ प्रथम एवं तृतीय खण्ड में 15 अप्रैल से, भीलवाड़ा में 16 अप्रैल से शुरू होगा।

## गाजी चौहान का ऐतिहासिक स्मारक बनेगा

**मसूदा,** (निसं)। वंशीय झाक ठिकाने के शासक रहे ठाकुर गाजीजी चौहान की स्मृति में शिवपुरा घाटा गांव में उनकी प्रतिमा का स्मारक बनाया जाएगा। इस संबंध में रविवार को ब्यावर- अजमेर रोड स्थित सिद्धार्थ भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान अभिषेक सिंह चौहान ने स्मारक निर्माण का प्रस्ताव रखा, जिसे चौहान सभा के सभी सरदारों एवं पदाधिकारियों ने करतल ध्वनि से पारित किया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस कार्य को ग्राम शिवपुरा घाटा स्मारक समिति द्वारा पूर्ण कराया जाएगा। चौहान समाज ने इस स्मारक निर्माण को अपनी सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। समाज बंधुओं से इस कार्य को सफल बनाने में अधिक से अधिक योगदान देने की अपील की गई। बैठक में अभिषेक सिंह, राम सिंह, बीरम सिंह, प्रफुल्ल चौहान, अशोक सिंह, सतपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, देवी सिंह, नवल सिंह, रसाल सिंह, रत्ना चीता, प्रेम सिंह सहित चौहान महासभा के सभी पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूर्व अधक्ष रतना चीता पूर्व अध्यक्ष हरफूल चौहान, प्रेम चीता चौहान सेना सँथापक सतपाल सिह भवर सिह आदि मौजूद थे।

## जाटव बैरवा समाज की महापंचायत मे लिए कई निर्णय

**करौली,** (निं.सं.)। करौली में डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में जाटव बैरवा समाज कि जिला स्तरीय महापंचायत का आयोजन हुआ। महापंचायत की अध्यक्षता फूलचंद जाटव ने की। आयोजित महापंचायत के दौरान समाज सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मृत्युभोज में किसी भी तरह का भोज नहीं करने का फैसला किया गया। शादी-विवाह में दिखावे के नाम पर होने वाले खर्चों पर पूर्ण रोक लगाई गई। बारात की चढ़ाई और निकासी में डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया। दहेज लेने और देने पर पूरी तरह से रोक लगाने का निर्णय लिया गया। समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। महापंचायत में नशे के खिलाफ भी कड़ा रुख अपनाया गया। शराब के क्रय-विक्रय पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। स्मैक और अफीम जैसे नशीले पदार्थों पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया। कार्यक्रम में समाज के उदय सिंह जाटव के अलावा जिले भर से बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और पंच-पटेल मौजूद रहे।

# अवैध हथियार के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

**हिंडौन सिटी**, (निसं)। सदर थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान बझेड़ा निवासी भूपेंद्र मीना के रूप में हुई है। सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक बदमाश क्षेत्र में वारदात की योजना बना रहा है। पुलिस टीम तुरंत चांदौर नदी की पुलिया पर पहुंची। वहां एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जांच में सामने आया कि आरोपी भूपेंद्र मीना के खिलाफ विभिन्न थानों में कुल 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें बगरू, जवाहर सर्किल, करौली कोतवाली, प्रताप नगर, चित्रकूट, मालवीय नगर और हिंडौन सदर थाना शामिल हैं। इस सफल कार्रवाई में हैड कांस्टेबल भल्लू सिंह, भरत सिंह, प्रधान और श्याम सिंह की टीम शामिल थी। विशेष रूप से कांस्टेबल प्रधान सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इसी तरह वारदात की फिराक में घूम रहे

**■ चौदह मामलों में वांछित आरोपी के पास से देशी कट्टा और कारतूस बरामद**

युवक को देसी कट्टा, जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा। जिला स्पेशल टीम व सदर पुलिस थाना टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए किसी वारदात करने की फिराक में घूम रहे एक युवक को पावटियानकापुरा के पास से देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया । सदरथाना प्रभारी देवेन्द्र शर्मा व अशोक कुमार के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल शिवसिंह, जिला स्पेशल टीम के देवेश कुमार, अशोक, धनीराम, दयाल, सतेन्द्र अवस्थी, आकाश मुखबिर की सूचना पर पावटियानकापुरा रास्ते पर पहुंचे। वहां एक युवक को पकड़कर तलाशी तो उसके पास देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस मिले। अपना नाम जीतेन्द्र जाटव बताया जिसे आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया।

## कर्नल बैंसला की पुण्यतिथि पर सर्व समाज ने रोगियों को किये फल वितरण

**करौली**, (निं.सं.)। कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला कि पुण्यतिथि पर करौली सामान्य चिकित्सालय में फल एवं सर्व समाज कि ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम मे करौली के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम,करौली धौलपुर लोकसभा प्रत्याशी इंदूदेवी जाटव, करौली अस्पताल के पीएमओ डॉ रामकेश मीणा, डॉ. सुशील मीणा, डॉ. भुवनेश बंसल, डॉ. राहुल गुर्जर सहित भाजपा जिला महामंत्री धीरेंद्र बैंसला, करौली पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, पांचना पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह बैंसला, जयसिंह मीणा, रूप सिंह गुर्जर,विक्रम किराना, भानु प्रताप सिंह उर्फ बटरू गुर्जर के नेतृत्व में करौली के प्रमुख लोगो ने कर्नल बैंसला को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कर्नल बैंसला के दिए हुए संदेशों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। वही सामान्य चिकित्सालय मे भर्ती रोगियो को फल वितरण किये गये।

# कैलादेवी मेले के दौरान 6 घंटे बसों का संचालन बंद रहा

**करौली,** (निं.सं.)। कैलादेवी मे चल रहे चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान राजस्थान रोडवेज कि बस सेवा पूरी तरह से ठप हो गई है। रोडवेज कर्मचारियों ने ओवरटाइम और ड्यूटी भत्ते में कटौती के विरोध में हड़ताल शुरू कर दी जिससे पुलिस और प्रशासन के अधिकारियो मे हडकंप मच गया वही जिला प्रशासन,रोडवेज प्रबंधन जयपुर से आये अधिकारियो कि समझाईश के बाद चालक परिचालक मान गये और 6 घंटे बाद पुनः बसो का संचालन शुरू कर दिया।

करौली रोडवेज बस स्टैंड प्रभारी शिवदयाल शर्मा ने बताया कि कैलादेवी मेला क्षेत्र में रोडवेज कर्मचारियो ने अपनी मांगो को लेकर बसों का संचालन पूरी तरह से बंद कर दिया। रोडवेज बसो के चालक, परिचालको ने बताया कि मेला ड्यूटी के दौरान 24 घंटे काम कर रहे हैं लेकिन उनके ओवरटाइम और ड्यूटी भत्ते में कटौती कि जा रही है। कर्मचारियों कि मांग थी कि पूर्व में लागू व्यवस्था को बहाल किया जाए। हड़ताल से दूर-दराज



हड़ताल पर बैठे रोड़वेज कर्मचारी।

से आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानियो का सामना करना पडा हजारों यात्रियों को महेंगे किराया देकर निजी वाहनों का सहारा लेना पडा जिसको देखते हुए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अधिकारियो के हाथ पॉव फूल गये और करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,कैलादेवी पुलिस उपाधीक्षक,जिला परिवहन अधिकारी को कैलोदवी मेला क्षेत्र मे पहुॅचकर र्दानार्थीयो को निजी बसो से गणतव्य स्थानो तक पहुॅचाने कि व्यवस्था की।

कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी हड़ताल जारी रहेगी। कैलादेवी मेला राजस्थान के सबसे बड़े मेलों में से एक है। हर साल लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। बस सेवा का बंद होना मेले कि व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। जिसको देखकर जिला कलेक्टर ने रोडवेज के एमडी सुची त्यागी को हडताल से अवगत कराते हुए यात्रियो कि सुविधा हेतु अधिकारियो से चर्चा कि मामले कि जानकारी मिलते ही जयपुर रोडवेज प्रबंधन से उपमहाप्रबंधक वित दीपक खंडेलवाल, यातायात महाप्रबंधक मनोज बंसल, जोनल मैनेजर ललित शर्मा,मेला अधिकारी रवि मेहरा करौली पहुॅचे जहा उन्होने कैलादेवी मेला कैंप रोडवेज स्टैण्ड पर धरने पर बैठे धरनार्थीयो के साथ मेला मजिस्ट्रेट कैलादेवी प्रेमराज मीणा,कैलादेवी पुलिस उपाधीक्षक मीना मीणा,जिला परिवहन अधिकरी धारासिंह कि उपस्थिति मे रोडवेज यूनियन प्रतिनिधी हरलाल सीकर आगार, जितेन्द्र सिंह केन्द्रिय कार्यशाला, दौसा डिपो के विक्रम सिंह एवं महिपाल यादव के साथ उनकी मांगो पर चर्चा करते हुए समझाईश की।

# सूरौठ में ईदुल फितर ईद की नमाज अदा की

**सूरौठ**, (निसं)। कस्बे में हिन्दू भाईयों ने मुस्लिम भाइयों को गले मिल दी ईद की मुबारकबाद। मुस्लिम समाज ने पवित्र रमजान माह की ईद का त्यौहार ईदगाह में ईद की नमाज अदा कर मनाया इस अवसर पर हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल देखी गई।

सूरौठ में ईदगाह स्थल पर मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह मौलवी हाफिज मौलाना मुख्तार, हाफिज सहूद के सानिध्य में मुख्य नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी ईद की नमाज के बाद हिन्दू व मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद, ईदगाह स्थल के बाहर मौजूद व गांधी स्मारक चौराहे पर केदार मीना, अमर सिंह मीणा, विश्राम मीणा,रमन शर्मा भोला मीना राम हरि मीना, कल्ला मीना सहित सर्व समाज के लोगों ने मुस्लिम समाज के लोगों का दस्तारबंदी कर अभिनंदन कियां जिससे हिंदू-मुस्लिम समाज में कौमी एकता की मिसाल कायम हुई इस अवसर पर जहीर खान खलील खांन, बाबू साईं,जब्बार खान, अज्जू हांजी,कलुआ खान, वकील खांन, कल्ला खान ,फजला खांन , गनी खान पप्पू खांन, ,मंगती , चांद खांन कल्ला तैयब, रमजानी खांन सहित अन्य मुस्लिम समुदाय के लगो ने हिन्दू मुस्लिम एकता पर खुशी जाहिर की। ईद के त्योहार को लेकर थाना प्रभारी महेश चंद्र मीणा के सानिध्य में सुरक्षा की व्यवस्था की गई। साथ ही ईद के त्योहार पर घरों में मीठी सिब्बईया बनाकर खिलाई ईद के त्योहार को लेकर घरों में खुशियां मनाई गई ।

## डिप्टी सीएम बैरवा का भव्य स्वागत

**भीलवाडा** । डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा भीलवाड़ा दौरे पर रहे। इस दौरान आजाद नगर माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा डिप्टी सीएम डॉ. बैरवा को शॉल, साफा पहनाकर प्रभु श्रीरामलला की तस्वीर सप्रेम भेट कर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। स्वागत के दौरान आजाद नगर युवा संग़ठन अध्यक्ष प्रदीप जागेटिया सहित रवि पलोड़, अमित पलोड़, सौरभ सोमानी, अंकुश कोठारी, अंकित जागेटिया उपस्थित रहे। साथ ही महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा, सांसद दामोदर अग्रवाल, शहर विधायक अशोक कोठारी एवं अति. पुलिस अधीक्षक पारसमल जैन उपस्थित रहे। युवा संग़ठन द्वारा सभी का स्वागत किया गया। इससे पुर्व डिप्टी सीएम बैरवा ने जिला मुख्यालय पर श्री गौ सेवा मित्र मंडल एवं पर्यावरण संरक्षण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

# कोटा होकर सांगानेर ( जयपुर )- पुणे के बीच 12 ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलेगी

**कोटा,** (निसं)। रेलवे द्वारा गर्मियों की छुट्टियों में अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान मे रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु पुणे-सांगानेर (जयपुर)-पुणे स्पेशल रेल सेवा (12 ट्रिप) का संचालन किया जा रहा है।

गाड़ी संख्या 01433, पुणे-सांगानेर (जयपुर) साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 09.04.25 से 25.06.25 तक (12 ट्रिप) पुणे से प्रत्येक बुधवार को 09.45 बजे रवाना होकर कोटा रात 02.05 बजे आगमन कर गुरूवार को 05.40 बजे सांगानेर पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01434, सांगानेर (जयपुर)-पुणे साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 10.04.25 से 26.06.25 तक (12 ट्रिप) सांगानेर से प्रत्येक गुरूवार को 11.35 बजे रवाना होकर कोटा 15.00 बजे आगमन कर शुक्रवार को 09.30 बजे पुणे पहुॅचेगी। इस गाड़ी में 01 सैकण्ड एसी, 05 थर्ड एसी, 10 द्वितीय शयनयान, 04 द्वितीय साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 22 कोच होगें। गाड़ी के हाल्ट- यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सांगानेर से पुणे के मध्य सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, वड़ोदरा, अंकलेश्वर, सूरत, बलसाड़, पालघर, वापी, वसई रोड, कल्याण, करजत एवं लोनावाला स्टेशनों पर रूकेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोटा सौरभ जैन ने बताया कि सीजन में स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। यात्रियों से अनुरोध है कि उक्त ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करे।

## अफीम डोडा-चूरा सहित एक गिरफ्तार

**छबड़ा,** (निसं)। बापचा पुलिस ने एमपी निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 किलोग्राम से अधिक अफीम डोडा-चूरा बरामद किया व मौके पर से एक बाईक भी जब्त की गई। बापचा थानाधिकारी बुद्धराम जाट ने बताया कि गजराजसिंह यादव के खेत के पास कोटरापार से भोजपुर रोड़ पर की गई नाकाबंदी के दौरान भोजपुर रोड़ की तरफ से एक पेशन प्रो मोटरसा किल आती हुई दिखाई दी, जिसके चालक ने पुलिस जाप्ते देखकर बाईक को एकदम से घुम कर जाने का प्रयास किया। किंतु पुलिस टीम ने डिटेन कर चालक से उसका नाम पता पूछा तो उसने उसका नाम हरिकिशन मीणा (55) पुत्र राधाकिशन निवासी मंगरोडा थाना फतेहगढ जिला गुना (मध्यप्रदेश) का होना बताया। जिसकी मोटरसा किल के पीछे बंधे प्लास्टिक के सफेद कट्टे को खोलकर देखा तो कट्टा अवैध मादक पदार्थ अफीम-डोडा चुरा से भरा हुआ था।

# गणगौर उत्सव का आयोजन किया

**भरतपुर**, (निसं)। मॉम्स वेलफेयर सोसाइटी द्वारा गणगौर उत्सव का आयोजन पायल गोयल की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रंजना तिवारी जया सिंघल रुना गुलाटी रिचा खंडेलवाल आदि रही गणगौर उत्सव पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता कराई गई बेस्ट गौरा गौरी का किताब मीरा गोयल ममता जैन संगीता शर्मा रंजना जी जीता सेठ जी का किताब ममता अग्रवाल ने जीता। नखराली गणगौर, सुहागिन गणगौर, गुलाबी गणगौर आदि कंपीटीशन रखे गए राजस्थानी रैंप वॉक राजस्थानी डांस आदि प्रतियोगिताएं रखी गई कार्यक्रम अंजना जैन आशा अग्रवाल ने मंच संचालन किया । सास बहू जोडी में वर्षा अग्रवाल ज्योति अग्रवाल विनर रही संस्थापक रितु अनुराग गर्ग ने बताया कि गणगौर हमारी राजस्थानी संस्कृति का प्रतीक है । नवविवाहिताएं, महिलाएं और बालिकाएं अपने घरों में गणगौर का पूजन करते है । यह पर्व मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा मनाया जाता है, जिसमें वे सुखी दांपत्य जीवन, अखंड सौभाग्य और संतान सुख की प्राप्ति के लिए माता गौरी और भगवान शिव की उपासना करती हैं ।

गणगौर कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर नेहा अग्रवाल, तृप्ति अग्रवाल नीलम सिंगल, वर्षा अग्रवाल, शालु जैन रही। मॉम्स ग्रुप से सरोज खंडेलवाल प्रीति जैन रेणु कुंतल मीनू साइन भूमि रिया चंद्रिका प्रिया गोयल नीलम रिंकी अनु रेखा अलका प्रिया बबीता आदि सदस्य मौजूद रहे अंत में सचिव सीलम सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कांग्रेस ने बेरोजगारों का भविष्य खराब किया : डॉ. किरोड़ी लाल मीणा

**कोटा**, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के भतीजे भंवरलाल के निधन पर संवेदना प्रकट करने आज कोटा पहुंचे कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने मंत्री दिलावर के रंगबाड़ी स्थित आवास पर पहुंचकर स्वर्गीय भंवरलाल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर से मुलाकात की।

मंत्री मदन दिलावर से मुलाकात के बाद दिलावर के ही आवास पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश के बेरोजगारों का भविष्य बर्बाद कर दिया। कांग्रेस राज में कुल 18 भर्ती परीक्षाएं हुई जिनमें से 17 परीक्षाओं में फर्जीवाड़ा किया गया। पेपर लीक हुए भाजपा सरकार ने आते ही मामले में जांच की है और भारत के इतिहास में पहली बार 50 थानेदार जेल के अंदर है और बाकी भागे भागे फिर रहे हैं। मामला जांच में है, कोई नहीं बचेगा। डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने किसानों को फसल मुआवजे के सवाल के जवाब में कहा कि बूंदी के कुछ किसान मुझे मिले थे। कोटा में भी किसानों ने उन्होंने शिकायत की है कि कंपनी ने मुआवजा नहीं दिया। कंपनी को 109

**■ शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के भतीजे भंवरलाल के निधन पर संवेदना प्रकट करने कोटा पहुंचे कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा**

करोड रुपए का मुआवजे का भुगतान करना था किंतु उन्होंने केवल किसानों को 9 करोड रुपए का भुगतान किया है। शेष 100 करोड रुपए का भुगतान नहीं किया। मामला हमारे संज्ञान में है और हम इसकी जांच करवा रहे हैं। किसानों को पूरा मुआवजा दिलवाया जाएगा।

आज सोमवार को शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के घर पर सांत्वना देने आने वाले तमाम नेताओं अधिकारी गणों का तांता लगा रहा।

कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा के अतिरिक्त पूर्व मंत्री सुभाष महरिया, लाडपुरा (कोटा) की विधायक कल्पना देवी,राजगढ़ अलवर के विधायक सुखवंत सिंह,भीलवाड़ा के विधायक अशोक, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोती लाल मीणा, रामलाल शर्मा पूर्व विधायक चौमू ( जयपुर ), भाजपा के प्रत्याशी रहे ओलंपियन खिलाड़ी देवेंद्र झांझरिया, राजसमंद जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा राजसमंद की जिला प्रमुख रतनी देवी जाट,कोटा जिला कलेक्टर रविंद्र गोस्वामी, कोटा नगर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अमृता दोहन,किसान मोर्चा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हरिराम रिणवा, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष रामलाल,अलवर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता,सीकर के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं व्यवसायों कमल सिखवाल सहित अन्य भाजपा नेता जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी गण मंत्री दिलावर के आवास पर पहुंचे तथा भतीजे स्वर्गीय भंवरलाल दिलावर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि 10 दोनों चढ़ाना गांव में एक सड़क दुर्घटना में मंत्री दिलावर के भतीजे भंवर लाल दिलावर का निधन हो गया था 58 वर्षीय भंवर दिलावर सरकारी शिक्षक थे तथा स्कूल की छुट्टी होने के उपरांत अपनी मोटर साइकिल से वापस घर लौट रहे थे। तभी यह दुखद हादसा घटित हुआ।

# राजकीय और निजी स्कूलों से प्रति छात्र 20 रुपए वसूले, दूसरी किस्त में 10-10 रुपए और मांगे

## बोर्ड परीक्षाएं देने वाले विद्यार्थियों से भी लिया जा रहा शुल्क

**बीकानेर**, (निसं)। राज्य स्तरीय समान परीक्षा में होने वाले खर्च की भरपाई के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा, सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों से गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 3 गुना अधिक परीक्षा शुल्क वसूला जा रहा है।

प्रदेशभर में अर्द्ध वार्षिक परीक्षा के लिए अब तक प्रति छात्र 20 रुपए की दर से करीब 8 करोड़ रुपए लिए जा चुके हैं, अब दूसरी किस्त में 10-10 रुपए प्रति छात्र दर से 4 करोड़ रुपए और वसूलने की तैयारी है। हैं। वहीं, दूसरे चरण में वार्षिक परीक्षा के लिए यह राशि स्कूल के विधार्थी कोष से देने को कहा गया है। दरअसल,गत वर्ष तक कक्षा 9 से 12 वीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा जिला स्तर पर होती थीं। इनमें प्रश्न पत्र की छपाई के लिए हर जिले में अलग-अलग राशि संग्रहित की जाती थी। किसी जिले में प्रश्न पत्र छपाई के 8 तो कहीं 12 रुपए की दर से संग्रहित किए जाते थे। राज्य के किसी भी जिले में 12 रुपए की दर से अधिक राशि नहीं ली गई, लेकिन इस बार अर्द्धवार्षिक परीक्षा को जिला स्तर से राज्य स्तरीय कर दिया गया। जिसमें खर्च हुई राशि की भरपाई के लिए स्कूलों से तीन गुना अधिक वसूली की जा रही है।

शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह कहते हैं, प्रदेश में 19 लाख 58 हजार 509 परीक्षार्थी 10 वीं व 12 वीं के हैं। निदेशालय के आदेशानुसार इनके भी स्कूलों से दस-दस रुपए अतिरिक्त प्रति छात्र वसूले जाएंगे। जबकि ये परीक्षार्थी समान परीक्षा के अधीन परीक्षा देंगे ही नहीं।

**■ प्रश्न पत्र छपाई की एवज में ली जाती है राशी**

**■ राज्य के किसी भी जिले में 12 रुपए की दर से अधिक राशि नहीं ली गई**

ये सिर्फ अर्द्ध वार्षिक परीक्षा ही समान परीक्षा के तौर पर देते हैं। वर्तमान में वार्षिक परीक्षाएं दे रहे हैं। वहीं, इनकी वार्षिक परीक्षा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कराता है, जिसका परीक्षा शुल्क भी अलग से स्कूलों द्वारा जमा करवा चुके हैं। इसके बावजूद 10-10 रुपए की अतिरिक्त परीक्षा शुल्क लेना गलत है।

शिक्षक संघ रेसटा के प्रतिनिधिमंडल ने मामले को लेकर कैबिनेट मंत्री डॉ.किरोड़ी लाल मीणा को ज्ञापन सौंप करके विरोध जताया है। शिक्षकों ने राज्य स्तरीय समान परीक्षा विद्यालयों पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ा रही है और छात्र कोष पर भी बोझ साबित हो रही हैं।

एक तरफ तो नई शिक्षा नीति, बोर्ड परीक्षाओं को क्रमबद्ध तरीके से हटाने की दिशा में बढ़ रही हैं दूसरी तरफ राज्य में समान परीक्षा के माध्यम से बिना बोर्ड की कक्षाओं की परीक्षा प्रक्रिया को खर्चीली और जटिल किया जा रहा है। संघ की मांग हैं कि पूर्व की भांति जिला समान परीक्षा व्यवस्था को बहाल किया जाएं और वर्तमान में 10 रुपए अतिरिक्त शुल्क के आदेश को तुरंत वापस लिया जाए।

मोहर सिंह सलावद,प्रदेशाध्यक्ष, शिक्षक संघ रेसटा,राजस्थान का कहना है कि राज्य में पहले जिला स्तर पर जिला समान परीक्षा के माध्यम से अर्द्धवार्षिक परीक्षा होती थी । लेकिन इस वर्ष पहली बार राज्य स्तरीय समान परीक्षा का आयोजन करवाया गया। जिसमें स्कूलों के छात्र कोष खाते से प्रति विद्यार्थी 30 रुपए के हिसाब से भुगतान करने से छात्र कोष खाली हो जाएगा। क्योंकि सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक कोई प्रवेश शुल्क नहीं है केवल कक्षा 9 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों से शुल्क लिया जाता है, जिससे वर्षभर स्कूलों में होने वाले कार्यों में राशि खर्च की जाती है। ऐसे में सरकार को अब तक प्रति छात्र 20 रुपए की वसूली के बाद दूसरी किस्त में वसूले जाने वाले 10 रुपए अतिरिक्त शुल्क को बंद किया जाना चाहिए।